Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 21 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 25

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली में पटाखे जलाने पर छह महीने की कैद

**दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में दिवाली पर पटाखे जलाने वालों को छह महीने तक की जेल हो सकती है. राज्य के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह ऐलान किया है

### कार ने कैंटर को पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा के तिलपता गोल चक्कर के पास भीषण हादसा हुआ। हादसे में तेज रफ्तार से आ रही क्रेटा कार ने आगे चल रहे कैंटर को जबरदस्त टक्कर मारी और पूरी गाड़ी कैंटर के नीचे फंस गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए हैं। आसपास के लोगों ने और पुलिस की टीम ने बड़ी मुश्किल से गाड़ी को काटकर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। कैंटर को टक्कर मारने के बाद क्रेटा गाड़ी उसी में फंस गई और उसके परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने बताया कि कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार का स्पीड मीटर 140 की स्पीड पर बंद मिला। मौके पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में फिल्म आदिपुरुष पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका दायर

**लखनऊ (आरएनएस)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में एक याचिका दायर कर बॉलीवुड फिल्म 'आदिपुरुष' पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी की ओर से पेश वकील रंजना अग्निहोत्री ने न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल की खंडपीठ के समक्ष फिल्म की आपत्तिजनक सामग्री को सूचीबद्ध किया। फिल्म के हाल ही में जारी टीजर में आपत्तिजनक सामग्री की ओर इशारा करते हुए, अग्निहोत्री ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, जो अगले साल 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। वकील अश्विनी सिंह केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए और कहा कि याचिकाकर्ता ने मामले में केंद्र, राज्य, सेंसर बोर्ड, फिल्म के निर्देशक ओम राउत, अभिनेता प्रभास, सैफ अली खान, कृति मेनन और अन्य को फंसाया है। सुनवाई की अगली तारीख अभी तय नहीं हुई है।

### प्रतिस्पर्धा आयोग ने मेक माइट्रिप, गोआईबीबो ओयो पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने ऑन लाईन यात्रा पोर्टल मेक माइट्रिप, गोआईबीबो (एमएमटी- गो) और ऑन लाईन होटल ब्रांड ओयो के खिलाफ प्रतिस्पर्धा विरोधी व्यवहार करने के आरोप में करीब 400 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया है और कुछ गैर मौद्रिक प्रतिबंध लगाये गये है। आयोग ने एक विस्तृत निर्णय में एमएमटी-गो को बाजार में अपनी वर्चस्व की स्थिति का दोषी करार दिया है। फैसले में एमएमटी-गो को ओयो होटल (ओरा वैल स्टेट लिमिटेड) के साथ ऐसा प्रतिस्पर्धा विरोधी समझौता करने का भी दोषी करार दिया है। आयोग ने ओयो को भी एमएमटी-गो के साथ ऐसा करार का दोषी पाया है। जिसके तहत एमएमटी-गो ने ओयो के प्रतिस्पर्धियों को 2018 में अपने ऑन लाइन पोर्टल से निकाल दिया था। आयोग के सामने यह मामला 2019 में आया था। आयोग ने एमएमटी-गो और ओयो पर संबंधित अवधि के राजस्व के पांच प्रतिशत की दर से दंड लगाया है।

# दिवाली और छठ पर टिकटों की किल्लत होगी दूर, पटना समेत कई रूटों के लिए स्पेशल ट्रेनों का ऐलान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिवाली और छठ का त्योहार नजदीक आते देखे भारतीय रेलवे भी पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। त्योहारी सीजन में चल रही 179 ट्रेनों के अलावा रेलवे ने 32 और अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। 32 नई ट्रेनों के संचालन के साथ ही अब देश के अलग-अलग हिस्सों से कुल 211 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे की ओर से यह फैसला त्योहारी सीजन में अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। रेलवे की ओर से दिवाली और फिर उसके बाद छठ पूजा तक 211 स्पेशल ट्रेनें 2561 चक्कर लगाएंगी। इन ट्रेनों के जरिए दरभंगा, आजमगढ़, सहरसा, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, फिरोजपुर, पटना, कटिहार और अमृतसर आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ा जाएगा। ताकि यहां पहुंचने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा।

**हर गतिविधियों पर रखी जा रही नजर-** भारतीय रेलवे की ओर से हाल में एक बयान में कहा गया था कि यात्रियों की सुविधा और भीड़ को कंट्रोल करने के उपाय किए जा रहे हैं। स्पेशल ट्रेनों के संचालन के दौरान हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है जैसे सीटों की उपलब्धता, सीटों के लिए अधिक किराया, दलालों की गतिविधियों पर पूरी नजर से नजर रखी जा रही है।

**टिक्ट को लेकर भी मिलेगी खास व्यवस्था-** त्योहारी सीजन को देखते हुए रेलवे यह भी व्यवस्था देने जा रहा है कि अगर किसी कारण से कन्फर्म टिकट का इस्तेमाल नहीं हो पाता है तो कोई अन्य व्यक्ति उस टिकट पर यात्रा कर सकता है। रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनें दिल्ली, मुंबई और अन्य शहर से बनारस के साथ-साथ बिहार के कई अहम स्टेशनों तक सफर करेंगी।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने किया रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण, त्योहारों को लेकर लिया इंतजामों का जायजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल तथा हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर रेलवे द्वारा आगामी त्योहारों के दौरान किए जा रहे विभिन्न इंतज़ामों का जायजा लिया। आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे ने आज नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल तथा हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर रेलवे द्वारा आगामी त्योहारों के दौरान रेलयात्रियों की सुविधाओं हेतु किए गए विभिन्न इंतज़ामों का जायज़ा लिया। इस दौरान दिल्ली मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक, डिम्पी गर्ग तथा उत्तर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। आशुतोष गंगल ने स्टेशनों पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायज़ा लिया तथा रेलयात्रियों से भी संवाद किया। उत्तर रेलवे के दिल्ली मण्डल द्वारा आगामी त्योहारों के मद्देनज़र भीड़-भाड़ को ध्यान में रखते हुए 42 रैक में 1,026 डिब्बों के साथ स्पेशल रेलगाडिय़ों के 150 फेरे लगाने की योजना बनाई है। इसके आलावा 1097 ट्रेनों में कोच (फेरे) बढ़ा दिए गए हैं। त्योहारों के दौरान दिल्ली मण्डल द्वारा स्टेशनों पर निम्न विभिन्न प्रबंध किए गए हैं

**मिनी नियंत्रण कक्ष-** नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर संचालन, वाणिज्यिक, मैकेनिकल, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, आरपीएफ और मेडिकल के नामित कर्मचारियों के साथ मिनी कंट्रोल की स्थापना (06.00 बजे से 24.00 बजे तक) की जा रही है। इस सुसज्जित मिनी-कंट्रोल रूम में टेलीफोन, ट्रेन की जानकारी, पैनल रूम कनेक्टिविटी, प्लेटफ़ॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया की सीसीटीवी फ़ीड जैसी सुविधाएं हैं। अधिकारियों को संपूर्ण पर्यवेक्षण और समन्वय के लिए व्यस्ततम अवधि के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर विशेष ड्यूटी अधिकारी (एसडीओ) के रूप में तैनात किया जाता है।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, दो मंजिला मकान मलबे में तब्दील, कई लोगों के फंसे होने की आशंका



**मुरैना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया, जिससे दो मंजिला मकान मलबे में तब्दील हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, वहीं सात लोग घायल हुए हैं। मलबे में लोगों की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुरैना जिले की बानमोर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में गुरुवार की सुबह बड़ा धमाका हुआ और पूरी इमारत ही ढह गई। इस इमारत में अवैध तौर पर पटाखा फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

विस्फोट काफी तीव्र था, जिसके चलते गोदाम ध्वस्त हो गया। इसी गोदाम में कुछ किराएदार रहते थे, जिनके मलबे में दबने की आशंका है। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि सात लोग घायल हुए है, इनमें से चार की हालत गंभीर हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है, तो वहीं मलबे को हटाया जा रहा है और मलबे में दबे लोगों की खोज की जा रही है। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए हैं और राहत व बचाव कार्य तेज गति से चल रहा है।

जानकारी के अनुसार पटाखा गोदाम बानमौर नगर में जैतपुर रोड पर स्थित है। गोदाम में विस्फोट होते ही अफरातफरी मच गई। विस्फोट इतना भयानक था कि पूरी बिल्डिंग ध्वस्त हो गई। गोदाम रिहायशी इलाके में था।

## यूपी में मुस्लिम परिवार के पांच लोगों ने अपनाया हिन्दू धर्म



**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बघरा में स्थित योग साधना यशवीर आश्रम में महंत स्वामी यशवीर जी महाराज के सानिध्य में बिजनौर जिले के एक मुस्लिम परिवार के पांच सदस्य शुद्धि यज्ञ में गायत्री मंत्रों के साथ आहुति देने के बाद हिंदू धर्म को अपनाया। इस परिवार के सभी 5 सदस्यों के नाम भी बदल दिए गए। अब मुस्कान को पूजा सैनी, सानिया को सीमा सैनी तो अरमान को हिमांशु सैनी कहा जाएगा। इसी तरह से परिवार के अन्य सदस्यों का नया नामकरण भी हुए। योग साधना यशवीर आश्रम में महंत स्वामी यशवीर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य मृगेंद्र ब्रहमचारी ने वेद मंत्रों से विधि विधान से हवन-पूजन कराकर एक परिवार के इन 5 सदस्यों की शुद्धि की।

मोहम्मद अहमद का कहना है कि उनके माता-पिता हिंदू ही थे, लेकिन बाद में किसी वजह से इस्लाम कबूल कर लिया था अब वह दोबारा हिन्दू धर्म में वापसी कर रहे हैं।

महंत यशवीर जी महाराज ने जिले के मदरसो पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां पर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है, और पुलिस-प्रशासन को मदरसों की जांच करनी चाहिए।

उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में हिंदुओं का उत्पीडऩ कर उन्हें डराकर मुस्लिम बनाया जाता था, लेकिन अब प्रदेश में दूसरी बार योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने और माहौल ठीक होने पर पहले धर्म छोड़ गए लोग पुन: हिंदू धर्म में वापसी कर रहे हैं। जो धर्मबदल कर चले गए थे अब उनका स्वाभिमान जाग रहा है और वह वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिजनौर के निवासी मुस्लिम परिवार के 5 सदस्यों ने बघरा में यशवीर आश्रम में आकर अपने धर्म में पुन: वापसी की है। इन सभी लोगों और बच्चों को गंगाजल से आचमन कराकर जनेऊ धारण कराया। इसके बाद लाल धागे में ओम की माला उनके गले में डाली गई। मुख्यत: वेद मंत्रों और गायत्री मंत्र से हवन कराया गया। उन्होंने बताया कि जिन आठ लोगों ने हिंदू धर्म में पुन: वापसी की हैं उनके नाम भी धर्म के आधार पर बदलकर रख दिए गए हैं। मोहम्मद अहमद को संदीप सैनी, मुस्कान को पूजा सैनी, अरमान को हिमांशु सैनी, सानिया को सीमा सैनी तो अलीना को जाह्नवी सैनी बना दिया गया है।

## करोड़पतियों की सूची में भारत तीसरे स्थान पर, 2032 तक चीन से होगा आगे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गरीबी, मुद्रास्फीति और भूख के बावजूद भारत में करोड़पतियों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। दुनिया के पहले वैश्विक अध्ययन में व्यक्तिगत रूप से 830 करोड़ रुपये (100 मिलियन डॉलर) से अधिक की संपत्ति के मालिक के साथ भारत करोड़पतियों की सूची में तीसरे स्थान पर है। दुनिया के 25,490 करोड़पतियों में से भारत 1132 करोड़पतियों के साथ ब्रिटेन, रूस और स्विट्जरलैंड जैसे देशों को पछाड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अंतराष्ट्रीय निवेश प्रवास सलाहकार फर्म हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2032 तक भारत 80 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ करोड़पतियों के मामले में चीन (नंबर 2) से आगे निकल जाएगा।

एक आर्थिक पत्रकार व लेखक मिशा ग्लेनी ने कहा कि लगभग 57 प्रतिशत के साथ अगले दशक में एशिया में करोड़पतियों की वृद्धि यूरोप और अमेरिका की तुलना में दोगुनी होगी। एशिया में भी मुख्य रूप से चीन और भारत में करोड़पतियों की वृद्धि होगी। विश्व की कुल 4 प्रतिशत की आबादी वाला देश अमेरिका दुनिया के 25,490 करोड़पतियों में से 9,730 (38 प्रतिशत) के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद चीन और भारत क्रमश: 2,021 और 1,132 करोड़पतियों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

ब्रिटेन 968 करोड़पतियों के साथ चौथे और जर्मनी 966 के साथ पांचवें स्थान पर है। स्विट्जरलैंड (808), जापान (765), कनाडा (541), ऑस्ट्रेलिया (463), और रूस (435) शीर्ष 10 देशों में शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1990 के दशक के अंत में 30 मिलियन डालर को 'सुपर अमीर' की परिभाषा माना जाता था, लेकिन तब से संपत्ति की कीमतों में बहुत वृद्धि हुई है और अब करोड़पति का दर्जा हासिल करने के लिए 100 मिलियन डॉलर का नया बेंचमार्क बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 20 वर्षों में करोड़पतियों की संख्या दोगुनी हो गई है और इसमें नाटकीय ढंग से तेजी आई है। करोड़पतियों की सूची में सफल तकनीकी कंपनियों की स्थापना करने वाले युवा उद्यमियों की संख्या बढ़ी है, हालांकि सूची में अब भी 1946 से 1964 के बीच पैदा हुए लोग हावी हैं।

## आमिर खान के सहयोगी से ईडी ने बरामद किए 1.6 करोड़ रुपए नकद और 7 करोड़ के बिटकॉइन

**कोलकत्ता (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों रुपये के मोबाइल गेमिंग ऐप धोखाधड़ी, ई-नगेट्स के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी आमिर खान के एक करीबी के आवास से 1.6 करोड़ रुपये की नकदी और 7 करोड़ रुपये के बिटकॉइन बरामद किए हैं। यह बरामदगी बीती देर रात कोलकाता के उल्टाडांगा स्थित रुमेन अग्रवाल के आवास से की गई। ईडी के अधिकारियों ने रुमेन अग्रवाल को हिरासत में ले लिया है, जिन्होंने उनके आवास से कई डायरी और एक लैपटॉप भी जब्त किया है। साजिश का एक अन्य आरोपी उमेश अग्रवाल अभी भी फरार है। जब्त किए गए लैपटॉप और डायरी से, ईडी के सूत्रों ने कहा कि, उन्होंने कई संपर्कों का विवरण हासिल किया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे इस धोखाधड़ी का हिस्सा थे। इस ताजा बरामदगी के साथ ईडी और कोलकाता पुलिस की कुल जब्ती 141.47 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। मामले की जांच 10 सितंबर को शुरू हुई जब ईडी ने दक्षिण कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में शाही अस्तबल लेन में मुख्य आरोपी आमिर खान के पिता नस्र खान के आवास से 17.32 करोड़ रुपये बरामद किए। तब आमिर फरार था। बाद में, कोलकाता पुलिस ने आमिर खान को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया। शहर पुलिस ने उसके पांच करीबी साथियों को भी गिरफ्तार किया है। खान का एक और करीबी सुभोजीत श्रीमानी फरार है और शहर की पुलिस ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। माना जाता है कि उसने हाल ही में दुबई में शरण ली है। आमिर खान ने ई-नगेट्स नाम से एक मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन लॉन्च किया था, जिसे जनता को ठगने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। प्रारंभिक अवधि के दौरान, उपयोगकताओं को कमीशन के साथ पुरस्कृत किया गया था और शेष राशि को परेशानी मुक्त तरीके से निकाला जा सकता था, जिससे उन्हें प्रारंभिक विश्वास मिला और उन्होंने अधिक प्रतिशत कमीशन और अधिक संख्या में खरीद के लिए बड़ी मात्रा में निवेश करना शुरू कर दिया।

## पीएम मोदी ने मिशन लाईफ का किया शुभारंभ, बोले- कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत



**राजपिपला (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया के चार टन प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन की तुलना में भारत का कार्बन फुटप्रिंट 1.5 टन प्रति व्यक्ति है। देश अक्षय ऊर्जा प्रणालियों और अन्य विकल्पों को स्थापित कर कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल) का शुभारंभ किया।

मिशन लाइफ के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दैनिक जीवन शैली में बदलाव लाकर पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की दिशा में जन आंदोलन है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति जिम तक पहुंचने के लिए पांच किमी तक कार चलाता है, ऐसा करने से वह कार्बन उत्सर्जन में इजाफा कर रहा है, इसके बजाय अगर वह चल कर जिम जाए, तो यह जलवायु की रक्षा करने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले, देश ने एलईडी बल्बों पर स्विच करने का फैसला किया और साल में 160 करोड़ बल्ब लगाए जिससे कार्बन उत्सर्जन में 10 मिलियन टन की कमी आई। यह लाभ आने वाले वर्षों तक चलने वाला है। सभा को संबोधित करते हुए, गुटेरेस ने कहा, जी-20 के पास प्रकृति के खिलाफ युद्ध को समाप्त करने के लिए संसाधन और शक्ति है। यह दुनिया को स्थायी जीवन की ओर ले जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जी-20 देशों में गैस का उत्सर्जन करने वाले वैश्विक ग्रीनहाउस का 80 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन साथ ही यह दुनिया के 80 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद में भी योगदान देता है।

### दिवाली पर फिर से डूबेगा बेंगलुरु...

## सड़कों पर बाढ़, पांच दिन का अलर्ट, कई राज्यों में होगी बारिश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईटी सिटी कहे जाने वाले बेंगलुरु में सितंबर के पहले सप्ताह में हुई जबरदस्त बारिश के चलते बाढ़ के हालात बन गए थे। शहर के निचले इलाके जलमग्न थे और आईटी प्रोफेशनल्स तक को कारों की बजाय ट्रैक्टर पर ऑफिस तक का सफर तय करना पड़ा था। दिवाली से पहले एक बार फिर से बेंगलुरु में वैसे ही हालात बन सकते हैं। बुधवार को बेंगलुरु में जमकर बारिश हुई है। इसके चलते सडक़ों पर पानी भर गया है और कई जगहों पर दीवारें तक गिर गई हैं। इसके चलते सडक़ पर पार्क हुई गाडिय़ों को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसका अर्थ हुआ कि अगले 5 दिनों तक शहर में बारिश जारी रहेगी। हालांकि यह बहुत ज्यादा नहीं होगी।

फिर भी बेंगलुरु के पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए दिवाली में भी डूबने की आशंका लोगों को सता रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रहेगा, जबकि मिनिमम टेंपरेचर 15 से 17 तक गिर सकता है। बेंगलुरु के अलावा भी कर्नाटक के कई हिस्सों में बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। इस साल बेंगलुरु में बारिश के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। बीते सप्ताह कर्नाटक में भारी बारिश के चलते 13 लोगों की जान चली गई थी। 13 अक्टूबर को सीएम बसवराज बोम्मई ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया था और राहत कार्य को प्राथमिकता से करने का आदेश अफसरों को दिया था।

इस बीच मौसम विभाग ने कर्नाटक के अलावा तमिलनाडु, पुदुचेरी, केरल जैसे दक्षिणी राज्यों में भी बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। विभाग का कहना है कि 19 से 22 अक्टूबर के दौरान इन इलाकों में बारिश होगी। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की स्थिति बनने के चलते मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि इस साल अक्टूबर महीने में उत्तर से लेकर दक्षिण भारत देश के तमाम राज्यों में जमकर बारिश हुई है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत तमाम राज्यों में अक्टूबर महीने में औसत से 700 फीसदी तक ज्यादा बारिश हुई है। बेमौसम भारी बारिश के चलते फसलें भी बड़े पैमाने पर बर्बाद हुई हैं।